खबर संक्षेप

## मैहर विधायक कार्यालय में हुआ 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण



**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने 26 अक्टूबर को वार्ड नंबर 14,बूथ क्रमांक 125 स्थित विधायक कार्यालय मैहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का भाजपा परिवार के सदस्यों के साथ सामूहिक श्रवण किया। विधायक श्री चतुर्वेदी ने इस कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करने की ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' जनसहभागिता को सशक्त बनाने और भारत को आत्मनिर्भर दिशा में अग्रसर करने का अभियान है।

## मीना बंसल मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**सतना।** सामाजिक कल्याण के उद्देश्य को लेकर गठित अग्रवाल समाज की प्रमुख संस्था मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा भोपाल द्वारा श्रीमती मीना बंसल को मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की स्वीकृति से महासभा के प्रांतीय प्रमुख सलाहकार सुरेश गोयल एवं प्रमुख परामर्शदाता अजय अग्रवाल द्वारा जारी की गई है। विदित हो कि मीना बंसल पूर्व में भी महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी है एवं आपके नेतृत्व में महासभा में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

## पीएससी परीक्षा की गोपनीय सामग्री परिवहन में बड़ी वित्तीय अनियमितता

**सतना।** कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं के लेखा परीक्षण के लिए आई प्रधान महालेखाकार की टीम ने एक और वित्तीय गोलमाल पकड़ा है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (PSC) की परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री लाने और ले जाने में प्रयुक्त वाहन के बिल का भुगतान नियम विरुद्ध पाया गया है। जांच टीम ने पाया कि वाहन प्रदायकर्ता को बिना सत्यापन के 1.07 लाख रुपए का भुगतान किया गया,जिसे गंभीर वित्तीय अनियमितता निरूपित किया गया है। टीम ने मामले में आपत्ति के तथ्यों की पुष्टि के लिए कलेक्टर को लिखा है। लेखा परीक्षा के दौरान,जांच टीम ने कलेक्टर कार्यालय के एग्जामिनेशन योजना कोड के बिलों और भुगतान की नमूना जांच की। इसमें पाया गया कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 और राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए गोपनीय सामग्री (पेपर,उत्तर पुस्तिका) को इंदौर से लाने और ले जाने के लिए वाहन परिवहनकर्ता रौनक ट्रेवल्स को 1.07 लाख रुपए का भुगतान किया गया। जांच टीम ने पाया कि बिलों में दर्शाए गए वाहन क्रमांक एमपी 19 जेडएफ 9781 का वाहन विवरण,जैसे कि वाहन पंजीयन जिला,मेक और प्रकार आदि का रिकॉर्ड 'नॉट फाउंड' होने के बावजूद भुगतान कर दिया गया। कार्यालय द्वारा वाहन के अभिलेखों को बिना सत्यापन किए वाहन प्रदायकर्ता को राशि का भुगतान करना गंभीर अनियमितता माना गया है। गौरतलब है कि पीएससी की परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री लाने में पूर्व में भी गड़बड़झाला सामने आ चुका है। उस समय गोपनीय सामग्री लाने के लिए जारी आदेश में बड़ी बस द्वारा सामग्री लाए जाने का उल्लेख था, जबकि मौके पर केवल एक डेकोलर वाहन मौजूद था। यह मामला चर्चा में आने के बाद कलेक्टर ने न केवल भुगतान पर रोक लगाई थी,बल्कि वाहन बदलने सहित आदेश में दर्ज वाहन भेजने के निर्देश दिए थे और संबंधित शाखा प्रभारी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।

## प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय का पत्र विवादों में

**सतना।** जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक पत्र के कारण विवादों में घिर गए हैं, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर सरकारी मशीनरी का उपयोग करके निर्वाचित संस्थाओं से तय प्रारूप में प्रस्ताव पास कराने का दबाव बनाया है। इस पत्र के जरिए,प्रभारी मंत्री ने ग्रामीण विकास की निर्वाचित पंचायत और जिला पंचायत में पार्टी के अभियानों के समर्थन में प्रस्ताव पारित कराने का प्रारूप भेजा है। प्रारूप में संबंधित संस्थाओं से भाजपा के अभियान 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के समर्थन में प्रस्ताव,जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कमी के लिए धन्यवाद और 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प' प्रस्ताव पारित करवाया जाना है। प्रभारी मंत्री का यह पत्र जिला पंचायत के आधिकारिक ग्रुप में डालकर जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम पंचायतों से इस प्रस्ताव को जल्द करवाया जाए।

# कुपोषण की 'महामारी', 36% तक पहुंचा आंकड़ा
## मासूम हुसैन की मौत ने खोली सरकारी दावों की पोल

**सतना।**

जिले में कुपोषण की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी है,जहां एक ओर सरकारी गाइडलाइन के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण की दर 6.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए,वहीं हकीकत में कई केंद्रों में यह आंकड़ा 36 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जिले की विभिन्न परियोजनाओं के करीब 125 आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण का स्तर निर्धारित सीमा से कहीं अधिक पाया गया है।

### अति गंभीर कुपोषण का भयावह स्तर

महिला बाल विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार,इन 125 केंद्रों में जांच किए गए 4386 बच्चों में से 468 बच्चे 'अति गंभीर कुपोषण' की श्रेणी में मिले। यह कुल बच्चों का 10.6 प्रतिशत है,जबकि निर्धारित मानक 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। नागौद परियोजना के पनास आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति तो और भी भयावह है,जहां 19 बच्चों की जांच में 7 बच्चे अति गंभीर कुपोषित पाए गए,जो 36.8 प्रतिशत का चौंकाने वाला आंकड़ा है। सतना-2 परियोजना के केंद्र क्रमांक-36 में 44 बच्चों में 11 बच्चे (25 प्रतिशत) कुपोषण की चपेट में मिले। जिले के चित्रकूट,नागौद,रामपुर,सोहावल और उचेहरा जैसी कई परियोजनाओं के दर्जनों केंद्रों में कुपोषण का स्तर 7 प्रतिशत से लेकर 36.8 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है।

### आंगनबाड़ी केंद्र बंद,कार्यकर्ता गायब

कई केंद्रों में भारी लापरवाही उजागर हुई। परियोजना सतना-2 के केंद्र क्रमांक-36 पर शनिवार दोपहर 12.20 बजे बच्चे और कार्यकर्ता नदारद मिले,सहायिका ने तबीयत खराब होने का बहाना बताया। आइटीआइ बसोर बस्ती केंद्र क्रमांक-99 दोपहर 1.30 बजे बंद मिला। नई बस्ती चार मंदिर के समीप संचालित केंद्र क्रमांक-109 भी 1.05 बजे बंद था,जहां पोषण आहार (खिचड़ी और लपसी) बर्तनों में रखा मिला और कार्यकर्ता-सहायिका अनुपस्थित थीं।

### मासूम हुसैन की मौत और लापरवाहों पर कार्रवाई

मझगवां विकासखंड के ग्राम मरवा निवासी 4 माह के हुसैन रजा की अति गंभीर कुपोषण,निमोनिया और सेप्टिस के कारण मौत होने के बाद स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला अस्पताल में 20 अक्टूबर को मासूम की मौत हुई। जांच में सामने आया कि बच्चे के नियमित फॉलोअप और टीकाकरण में लापरवाही बरती गई,जबकि जन्म के समय उसका वजन 3 किलो था। इस लापरवाही के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जैतवारा क्षेत्र के सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ.शारदा प्रसाद श्रीवास्तव,सेक्टर सुपरवाइजर आरके शुक्ला और आरबीएसके टीम पर वेतन वृद्धि रोकने और नोटिस जारी करने जैसी कार्रवाई की है। वहीं,आशा कार्यकर्ता उर्मिला सतनामी और प्रियंका श्रीवास्तव को कार्य से पृथक कर दिया गया। महिला बाल विकास विभाग ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब संतोषजनक न मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की है।

### अफसरों की सफाई और जमीनी हकीकत

लापरवाही उजागर होने पर डीपीओ राजीव सिंह ने कुछ प्रतिशत अधिक कुपोषण दिखने का कारण पोर्टल में फीडिंग में कमी बताया है और बंद आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्रवाई की बात कही है। हालांकि, आंगनबाड़ी केंद्रों की लगातार बंदी,कार्यकर्ता-सहायिका की अनुपस्थिति,और कुपोषण के बेलगाम आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम केवल कागजों तक सीमित है और मैदानी अमला अपने 'स्वास्थ्य' को साधने में लगा है,जबकि जिले के नौनिहालों का भविष्य कुपोषण के अंधकार में धकेला जा रहा है।

# राज्य स्तरीय कला उत्सव का भोपाल में समापन
## सतना की प्रांजल को मिला तीसरा स्थान



**सतना।**

स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय कला उत्सव का रंगारंग समापन भोपाल में शनिवार को हुआ। राजधानी भोपाल स्थित वाल्मी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रदेश के विभिन्न संभागों के स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कला उत्सव में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्य, लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, कहानी वाचन, मूर्तिकला, चित्रकला एवं स्थानीय शिल्प जैसी 12 श्रेणियों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अपर परियोजना संचालक श्रीमती मनीषा सेतिया ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें पुरस्कार वितरित किये। इस कला उत्सव का उद्देश्य स्कूल विद्यार्थियों में भारतीय कला परंपरा की समझ विकसित करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में कला की भूमिका को सशक्त बनाना है। इस मौके पर शास्त्रीय नृत्य (एकल) में इंदौर की तपस्या त्रिपाठी प्रथम,जबलपुर की अवनी अग्रवाल द्वितीय एवं रीवा की प्रांजल जोशी तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु मैहर पुलिस का 'नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन'

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में रात्रि को मैहर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ हेतु व्यापक 'कॉम्बिंग गश्त' का आयोजन किया। इस ऑपरेशन में पुलिस बल ने लंबे समय से फरार चल रहे 35 स्थाई/गिरफ्तारी वारंटों को तामील कराया। गश्त के दौरान 30 निगरानी बदमाश, 62 गुंडा बदमाशों एवं जेल से रिहा 03 अपराधियों को चेक किया गया। इन सभी को भविष्य में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने होटल/ढाबों और सार्वजनिक स्थानों की भी चेकिंग की,साथ ही रात्रि में बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी।



# मां शारदा धाम मार्ग पर भारी जाम से श्रद्धालु परेशान, पार्किंग व्यवस्था पर उठे सवाल

**मैहर।**

रविवार को मां शारदा देवी मंदिर मार्ग पर पार्किंग की अव्यवस्था के कारण भक्तों को भारी जाम का सामना करना पड़ा,जिससे रामपुर आने-जाने वाला मार्ग भी पूरी तरह प्रभावित हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार,शारदा प्रबंध समिति द्वारा पार्किंग शुल्क वसूली तो की जा रही है,किंतु समुचित व्यवस्था नहीं है। वाहनों की अत्यधिक संख्या और नियंत्रण के अभाव में भक्तगण घंटों तक फंसे रहे। सीधी से आए भाजपा नेता अमलेश चतुर्वेदी ने भी वीडियो बयान जारी कर पार्किंग वसूली व्यवस्था पर सवाल उठाए और प्रशासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। श्रद्धालुओं ने एसडीएम से निश्चित मात्रा से अधिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और यातायात सामान्य करने की मांग की है।

## नगरीय निकायों के पेंशनर्स को भी राज्य शासन के पेंशनर्स के समान मंहगाई राहत

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगरीय निकायों के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को राज्य शासन के पेंशनरों के समान महंगाई राहत का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने आदेश जारी किये हैं।आदेश के अनुसार अब नगरीय निकायों के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को 1सितम्बर 2025 से देय महंगाई राहत सातवें वेतन मान में 55 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 252 प्रतिशत की दर से प्राप्त होगा। राज्य शासन के इस निर्णय से नगरीय निकायों के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को प्रभावी राहत मिलेगी तथा उन्हें राज्य शासन के पेंशनरों के समान आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं ताकि पेंशनरों को समय पर महंगाई राहत का लाभ मिल सके।

# आरएसएस स्थापना शताब्दी वर्ष: सतना में भव्य पथ-संचलन, स्वयंसेवकों का उत्साह





**सतना।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में,सतना में संघ का भव्य पथ-संचलन (परेड) आयोजित किया गया। पूर्ण गणवेश में हजारों स्वयंसेवक इस पथ-संचलन में शामिल हुए। संघ के स्थापना दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम संगठन के अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रतीक था। शहर के प्रमुख मार्गों से गुज़रे इस संचलन का स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। शताब्दी वर्ष के इस आयोजन ने सतना में सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना का माहौल निर्मित किया।

### मैहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में भव्य पथ-संचलन का आयोजन किया गया। पथ-संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए शिशु मंदिर पर ही संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने अनुशासन और वेश-भूषा से शहर वासियों का मन मोह लिया। नगर में जगह-जगह आरएसएस कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा भव्य पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा पटेल और मुख्य वक्ता अमित कनकने ने संघ की राष्ट्र के प्रति सेवा-भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के संबंध में दिशा निर्देश

**सतना।**

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित की जाने वाली एक अनूठी पहल है। प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या विशेष प्रकार के चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की स्थिति को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट करेगी।योजना का उद्देश्य सडकों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों,प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ति/घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार हेतु हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना भी है। हृदय सम्बंधित अथवा अन्य विभिन्न गंभीर बीमारियाँ जिसमें रोगी/पीड़ति को तत्काल इलाज की आवश्यकता होने की स्थिति में मरीजों को अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में त्वरित उपचार हेतु हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं। योजना में उक्त एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन हेतु 01 हेली एम्बुलेंस एवं 01 फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस का शुभारंभ किया गया है,जोकि प्रदेश के सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस सेवा में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहती है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा में प्रयुक्त हेलीकॉप्टर का संचालन दिन के समय होगा जोकि आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न हवाई अड्डों से मध्यप्रदेश के किसी भी स्थान पर पहुंचने में सक्षम है। फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग आई.सी.यू विमान राज्य के मौजूदा सभी हवाई अड्डों एवं हवाई पट्टी से जुड़ा रहेगा। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन भोपाल स्थित कमांड सेंटर से किया जायेगा एवं उक्त सेवाओं का समन्वय 108 ग्राउंड एम्बुलेंस कॉल सेण्टर से रहेगा। चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार प्रदेश के रोगियों को दिल्ली,मुंबई, चेन्नई,हैदराबाद अथवा देश के अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों पर हवाई परिवहन करेगी। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा द्वारा आपातकालीन परिस्थिति में प्रदेश के आम नागरिकों को पात्रता अनुसार निःशुल्क अथवा सः शुल्क एयर परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।जिसके लिए पात्रता निर्धारित की गयी है। आयुष्मान कार्डधारी के उपचार हेतु राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निःशुल्क परिवहन किया जाएगा। अन्य हितग्राही जो कि आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं,उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन,जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा। सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीडित को राज्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निःशुल्क परिवहन किया जाएगा।रोगी/पीड़ति का एयर एम्बुलेंस से परिवहन इमरजेंसी हेल्थ कण्डीशन की स्थिति में ही किया जा सकेगा। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन प्रदेश में निविदा प्रक्रिया नागरिक उडडयन विभाग द्वारा की गयी है एवं उक्त सेवाओं के संचालन तथा क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा हैं। एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराये जाने की प्रक्रिया को क्रमशः 04 प्रकार की श्रेणी में विभाजित किया गया है। तत्कालिक चिकित्सकीय प्रबंधन हेतु (दुर्घटना के प्रकरण),राज्य के अंदर चिकित्सकी प्रबंधन हेतु,राज्य के बाहर चिकित्सकीय प्रबंधन हेतु तथा राज्य के अंदर एवं बाहर सःशुल्क परिवहन हेतु किया जायेगा। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत हवाई परिवहन के दौरान सेवाप्रदाता द्वारा रोगी/पीड़ति हेतु 50 लाख का दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया गया है तथा 25 लाख का दुर्घटना बीमा थर्ड पार्टी परसन एवं 25 लाख का बीमा थर्ड पार्टी डेमेजेस हेतु किया गया है।



# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना एवं मैहर जिले के तीर्थयात्री द्वारिकाधीश हुए रवाना

**सतना।**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना जिले के 200 में से 194 एवं मैहर जिले के 200 तीर्थयात्री द्वारिकाधीश तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सतना जिले के चयनित पात्र 200 में से 194 वरिष्ठजन रात्रि 2 बजे सतना रेल्वे स्टेशन से विशेष भारत ट्रेन द्वारा तीर्थ दर्शन के लिए रवाना किये गये। इसके पहले चयनित वरिष्ठजन तीर्थ यात्रियों का स्टेशन परिसर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सतना रेलवे स्टेशन पहुंचे डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ द्विवेदी, नायब तहसीलदार राजेश सिंह,रविन्द्र सिंह सेठी सहित अन्य अधिकारियों ने ट्रेन के कोच में जिले के सभी तीर्थ यात्रियों से मिलकर उन्हें सकुशल तीर्थ यात्रा की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार मैहर जिले से रात्रि 2.50 बजे 200 वरिष्ठजन तीर्थ यात्रा पर गए है। सतना रेल्वे स्टेशन से रवाना यह ट्रेन वापसी में 31 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे वापस सतना लौटेगी।

## पूज्य संत मुरारी बापू की अमृतवाणी से गूंज उठा अगस्त मुनि आश्रम सिद्धनाथ

# श्रीराम कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारों भक्तों ने किये संत बापू के दर्शन







पन्ना।

संत मुरारी बापू के नेतृत्व में चल रही 11 दिवसीय श्रीराम यात्रा रविवार को जब रामपथ गमन तीर्थ क्षेत्र अगस्त मुनि आश्रम सिद्धनाथ पहुंची, तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रीराम कथा के शुभारंभ से पहले बापूजी ने भगवान सिद्धनाथ शिव, बनवासी श्रीराम एवं महर्षि अगस्त्य की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात उन्होंने एकदिवसीय श्रीराम कथा का वाचन करते हुए महर्षि अगस्त्य के जीवन, तप और उनके द्वारा श्रीराम को प्रदान किए गए दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का मार्मिक वर्णन किया। संत मुरारी बापू ने कहा कि "महर्षि अगस्त्य केवल मंत्रसिद्ध ऋषि ही नहीं, बल्कि मानवता के पथप्रदर्शक हैं। श्रीराम ने वनवास के दौरान जब सुतीक्ष्ण ऋषि से भेंट की, तब उन्हीं की प्रेरणा से अगस्त्य मुनि के आश्रम पहुंचे, जहाँ से उन्हें दिव्य अस्त्र मिले और यहीं से राम की करुणा, प्रेम और सत्य का युग आरंभ हुआ।"बापूजी ने कथा के माध्यम से यह संदेश दिया कि श्रीराम यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि "अंतरात्मा की यात्रा" है कृ एक ऐसी यात्रा जो सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा का वैश्विक संदेश देती है। श्री बापू ने चित्रकूट की कथा का वर्णन एवं चित्रकूट की तहत्वता बताते हुये आज की कथा में तीन संतों प्रथम मुनि भारतद्वाज सरभंग मुनि की एवं सुतीक्षण मुनि तथा अगस्तमुनि की कथा का रसपान उपस्थित जनसमुदाय को विस्तार से कथा कही।

### भक्ति का महासमुद्र- सलेहा में उमड़े हजारों श्रद्धालु

कथा के दौरान सलेहा क्षेत्र सहित आसपास के अजयगढ़, पन्ना, सतना और छतरपुर जिलों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानतः 15 से 20 हजार लोगों ने श्रीराम कथा का श्रवण किया। संत मुरारी बापू के साथ 400 से अधिक रामभक्तों की टोली भी यात्रा में सम्मिलित रही। अगस्त मुनि आश्रम का पूरा परिसर "जय श्रीराम" के जयघोष से गुंजायमान था। विशाल पंडाल, सुसज्जित मंच और पुष्पों से सजे कथा स्थल ने इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। क्षेत्र में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय संत के आगमन से श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

### भाजपा जिला अध्यक्ष बोले, "यह सलेहा के सौभाग्य का क्षण"

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा, "यह हमारे सलेहा क्षेत्र का सौभाग्य है कि हमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संत मुरारी बापू की श्रीराम कथा का श्रवण करने का अवसर मिला। आज यह क्षेत्र आध्यात्मिक गौरव से अभिभूत है।"

### रामपथ गमन के विकास को नई दिशा

संत मुरारी बापू की यह 11 दिवसीय श्रीराम यात्रा रामपथ गमन के उन सभी स्थलों पर पहुंच रही है जहाँ भगवान श्रीराम ने वनवास काल में समय व्यतीत किया था। सिद्धनाथ आश्रम में कथा के उपरांत बापूजी नासिक के लिए प्रस्थान कर गए। इस यात्रा का उद्देश्य रामपथ गमन क्षेत्र के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है।

### कथा की गूंज - जनश्रद्धा का पर्व बन गई सिद्धनाथ नगरी

अंतरराष्ट्रीय संत मुरारी बापू के सिद्धनाथ आगमन की खबर जैसे ही फैली, सलेहा से लेकर पन्ना और सतना तक लोगों में उत्साह फैल गया। अनेक श्रद्धालु तत्काल कथा स्थल की ओर उमड़ पड़े। यदि इस आयोजन की सूचना कुछ दिन पूर्व मिलती, तो श्रद्धालुओं की संख्या संभालना कठिन हो जाता। कथा स्थल पर उपस्थित हर व्यक्ति के लिए यह क्षण जीवनभर का आध्यात्मिक अनुभव बन गया।

## खबर संक्षेप

### 18 वर्षीय लड़की घर से हुई गायब, परिजन हैरान

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम झरकुंआ तारा से आज एक 18 वर्षीय लड़की दोपहर 12रू00 बजे अचानक अपने घर से गायब हो गई जिसके परिजन पूरे दिन उसे तलाश करते रहे जब कही कोई जानकरी नही लगी तो शाम पुलिस थाना अमानगंज मे सूचना दी। फरियादी आजाद खां पिता मोहब्बत खा मैं सूचना दिया कि आज दिनांक 26 10 25 को उसकी बहन आरजू पिता मोहब्बत खान उम्र 18 वर्ष दोपहर 12रू00 बजे घर से कहीं चली गई है तलाश करने पर नहीं मिली फरयादी की सूचना पर अमानगंज पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश आरंभ की है।

### शाहनगर में कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**पन्ना**। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुखिया श्री मोहन यादव जी का शाहनगर में प्रथम बार आगमन हो रहा है यह पहला अवसर होगा जब कोई मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कार्यक्रम आयोजित होगा इसी क्रम में पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार के द्वारा सभा स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया पन्ना कलेक्टर का भी शाहनगर में यह प्रथम आगमन है इस मौके पर शाहनगर के एसडीएम और तहसीलदार के साथ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अमानगंज बायपास का घटिया निर्माण, ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग





**अमानगंज**। नगर अमानगंज 4.69 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए बायपास रोड का अभी लोकार्पण भी नहीं हो पाया और मार्ग चलने लायक नहीं बचा। मार्ग की बदहाली से लोग हादसों का शिकार हो रहे है। लोगों ने कहा कि बायपास का हमे वर्षों से इंतजार था, उम्मीद थी कि भारी वाहनों से मुक्ति मिल जाएगी और कम समय में सफर पूरा होगा, परंतु ठेकेदार और एमपीआरडीसी के अधिकारियों के गठजोड़ ने हमारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। लोगों ने कहा, ऐसा घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। जिससे जनता के पैसे का फिर कोई दुरुपयोग न करने पाए।

### विधानसभा में भी गूंजा था घटिया निर्माण का मामला

बायपास बनते ही उधड़ने लगा और जगह-जगह धंसने के मामले को समाचार पत्रों ने उजागर किया तो विधायक राजेश वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता पर विधानसभा में सवाल कर जवाब मांगा। इसके बाद एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों की नींद टूटी। आनन-फानन में दो सदस्यी जांच टीम नाई गई।बजिसमें संभाग के साथ जिले के अधिकारियों को शामिल किया गया। जांच टीम को अधिकारियों, क्षेत्रीय लोगों और विधायक ने उखड़ी और जगह-जगह धंसी सड़क दिखाई। अधिकारियों ने माना, निर्माण में गड़बड़ी हुई है और फिर दोबारा सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया। लेकिन जो सड़क दोबारा बनी उसमें भी अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता का निरीक्षण ठीक से नहीं हुआ जिससे फिर से बाईपास सड़क जर्जर होने लगी। परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में नाराजगी भी है।

## सोलर प्रकाश प्रपंच कीट प्रबंधन में कारगर

# सोलर टेप से कीट प्रबंधन सब्जी उत्पादन की लागत में आयेगी कमी





पन्ना।

ग्रामीण क्षेत्र में सब्जी उत्पादक किसानो के सामने कीटप्रबंधन एवं खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना चुनौति है। कीट प्रबंधन रासायन विधि से महँगा एवं स्वास्थ्य के लिये नुकसान दायक सावित हो रहा है। लगातर जिले के वैज्ञानिको द्वारा किसानो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में स्वयंसेवी संस्था समर्थन ने पन्ना एवं अजयगढ़ के लगभग 200 किसानो को सोलर टेप देकर कीटप्रबंधन की तकनीकी प्रशिक्षण कृविकेन्द्र के बरिष्ठ वैज्ञानिक डा. पीएन त्रिपाठी एवं डा जायसवाल से दिलाया गया। विभागीय समन्वय एवं समर्थन सस्था का सहयोग - सोलर टेप को सोलर प्रकाश प्रपंच भी कहा जाता है जो की रात्रि में कीटो को अपने ओर आकर्षित कर लेता है प्लेट में पानी होने से उसी में सभी प्रकार के कीट एकत्र हो जाते है और सब्जी फसल में कीट से बचाव हो जाता है। किसानो का दवा एवं रासायन में होने वाला पैसा बच जाता है। साथ ही सब्जी के स्वाद एवं स्वास्थ्य पोषकयुक्त बनी रहती है। ग्राम जयआपुर सब्जीउत्पादक किसान सुव्रत मलिक एवं शोभा सरकार ने कहा की हम प्राकृतिक खेती अपनाकर आगे बढ़ना चाहते है। आजिविका मिशन के समूह बनाकर हम आगे बढ़ सकते खेती मिट्टी पानी के प्रबंधन के गुन भी सीख रहे है। हम लोग लगातार उद्यानिकी एवं कृविकेन्द्र से प्रशिक्षण एवं तकनीकी मागदर्शन भी ले रहे है।

# देवेंद्रनगर में खानापूर्ति जांच, आर.आर. पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन खत्म, फिर भी कार्रवाई नहीं

### झोलाछाप डॉक्टरों ने शटर गिराए, स्वास्थ्य विभाग मौन




**पन्ना**। पन्ना जिला मुख्यालय पर मेडिकल स्टोरों पर हुई कार्रवाई की खबर शनिवार को पूरे क्षेत्र में फैल गई थी। नतीजतन, रविवार को जब सीएमएचओ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तिवारी अपनी टीम सहित देवेंद्रनगर पहुँचे, तो मेडिकल स्टोरों और झोलाछाप डॉक्टरों ने तत्काल अपने-अपने शटर गिराकर क्लीनिक बंद कर दिए। टीम जब देवेंद्रनगर-सलेहा मार्ग स्थित आर.आर. पैथोलॉजी और एक दंत चिकित्सालय पहुँची, तो पाया गया कि पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन पहले ही समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद सीएमएचओ ने न तो उसे सील किया, न ही कोई लिखित कार्रवाई की कृ बल्कि केवल मौखिक हिदायत देकर लौट गए। यही रवैया दांत उखाड़ते डॉक्टर के मामले में भी रहा, जहाँ मरीज की मौजूदगी के बावजूद कानूनी कार्रवाई के स्थान पर चेतावनी देकर पल्ला झाड़ लिया गया।

### अब जनता के बीच उठ रहे तीखे सवाल -

1. पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन खत्म होने पर सीएमएचओ ने तुरंत सीलिंग क्यों नहीं की? 2. हिदायत देकर ही क्यों छोड़ दिया गया कृ क्या किसी दबाव या मिलीभगत की वजह थी? 3. जब डॉक्टर को मौके पर मरीज का दांत उखाड़ते देखा गया, तब भी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इस पूरी कार्रवाई ने स्वास्थ्य विभाग की निष्प्रभावी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यह महज़ खानापूर्ति जांच थी, जिससे झोलाछाप डॉक्टरों और बिना लाइसेंस क्लीनिकों को खुली छूट मिलती दिख रही है। देवेंद्रनगर और उसके आसपास 15-20 किलोमीटर के क्षेत्र में सैकड़ों अवैध क्लीनिक और मेडिकल स्टोर वर्षों से चल रहे हैं, पर अब तक किसी पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### जनता का सीधा सवाल है -

"क्या स्वास्थ्य विभाग सिर्फ कागज़ी कार्रवाई के लिए है, या सच में जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए?" जरूरत है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि जनता को यह पता चल सके कि कौन-से डॉक्टर और पैथोलॉजी वास्तव में मान्यता प्राप्त हैं, और कौन झोलाछाप बनकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# पन्ना के 50 करोड़ के हीरे का सस्पेंस खत्म, खनिज अधिकारियों की मौजूदगी में जांच के बाद सुलझा रहस्य

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में 150 कैरेट के नायाब हीरे को लेकर मचा सस्पेंस अब खत्म हो गया है। खदान में मिले इस चमचमाते पत्थर की जांच में पता चला कि यह कोई हीरा नहीं, बल्कि क्वाजस स्टोन है. खदान संचालक जय बहादुर सिंह और अन्य पार्टनर इसे हीरा मान रहे थे, लेकिन जांच में ये पत्थर निकला. जानकारों का कहना है कि अगर ये हीरा होता तो इसकी कीमत करीब 50 करोड़ होती।



**पन्ना**। जिले में 150 कैरेट के श्नायाब कथित हीरे को लेकर मचा हड़कंप अब शांत हो गया है। यह पत्थर, जिसे खदान संचालक जय बहादुर सिंह और उनके पार्टनर को मिला था, जांच में असली हीरा नहीं, बल्कि क्वाजस नाम का चमकदार पत्थर निकला है. इस पत्थर का वजन 137.14 कैरेट आंका गया है। दरअसल, यह पूरा विवाद 5 सितंबर को कृष्णा कल्याणपुर पट्टी की हीरा खदान में शुरू हुआ. खदान संचालक जय बहादुर सिंह के अनुसार, खदान में 150 कैरेट की चमकीली चीज मिली थी. और उनके पार्टनर ने दावा किया कि यह हीरा है. इसके बाद खदान में झगड़ा हुआ और पार्टनर दयाराम पटेल ने यह चमचमाता पत्थर पुलिस थाने में जमा करवा दिया। सभी के मन में यह था कि यह हीरा है और इसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

# पवई के पन्नी नाला के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल





**पवई**। पवई से लगभग 12 किलोमीटर दूर पन्नी नाला के पास एक हृदयविदारक घटना घटित हुई है, जिसमें कार और मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत से एक की मौत, एक के घायल होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 11 निवासी सचिन सोनी पिता सुरेश सोनी उम्र 38 वर्ष व अनंत राम पिता मिट्ठू लाल प्रजापति उम्र 35 वर्ष मोटरसाईकिल से सवार होकर पन्नी नाला के पास से आ रहे थे, तभी सफेद रंग की कार एमपी 35 सीए 0936 से आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे सचिन सोनी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और घायल अनंतराम को 108 के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कटनी जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। सचिन सोनी की मौत से पवई क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पवई में गूंजे शिक्षकों के स्वर, दिल्ली रैली की तैयारियां तेज़





**पवई**। देशभर में पुरानी पेंशन योजना (व्‍ै) की बहाली हेतु चल रहे जनांदोलन को मजबूती देने के लक्ष्य से आजाद अध्यापक संघ जिला इकाई पन्ना के तत्वावधान में मां कलेही प्रांगण पवई में शिक्षकों की एक उत्साहपूर्ण एवं बैठक संपन्न हुई। मां कलेही का आशीर्वाद लेकर आरंभ हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 9 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में पन्ना जिले की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना था। आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष विद्याचरण शर्मा की अध्यक्षता और विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने व्‍ै की बहाली, संगठन की एकजुटता और जनांदोलन की दिशा पर व्यापक विचार-विमर्श किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में रघुवीर तिवारी ने कहा- "पुरानी पेंशन कोई दया या सुविधा नहीं, बल्कि यह कर्मशील वर्ग का वह आजीवन अधिकार है, जिसने अपने जीवन का श्रेष्ठतम समय राष्ट्र निर्माण में समर्पित किया है।" उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि इस अधिकार की पुनर्प्राप्ति के लिए सभी को मुट्ठी की तरह एकजुट होकर सामूहिक शक्ति के साथ आवाज़ बुलंद करनी होगी। जिलाध्यक्ष विद्याचरण शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर है, और दिल्ली रैली में जिले का सशक्त प्रतिनिधित्व इस संघर्ष को नई दिशा देगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से संगठित होकर नई दिल्ली पहुँचने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जंतर-मंतर रैली में पन्ना जिले से सर्वाधिक शिक्षक प्रतिनिधित्व दर्ज कराया जाएगा। रैली की तैयारी और समन्वय व्यवस्था हेतु एक संयोजन समिति गठित की गई तथा भरत कुमार पाठक को आजाद अध्यापक संघ पवई का ब्लॉक संयोजक और श्रीमती सुनीता नामदेव को महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकपाल सेन, मीना तिवारी, रिचा दुबे, त्रिवेणी द्विवेदी, विश्वप्रताप चौरसिया, ओमप्रकाश बाजपेई, रामऔतार वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद बागरी, विवेक सिंह, रामप्रताप सिंगरौल, राजेश कुमार पाठक, रामसेवक चौधरी, उमेश कुमार पाठक, रामनरेश मिश्रा, रामाधार चौरसिया सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि "जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## वनभूमि पर अतिक्रमण का प्रयास विफल दक्षिण पन्ना वनमण्डल की त्वरित कार्यवाही से सुरक्षित हुआ लगभग 2 हैक्टेयर वनक्षेत्र





**पन्ना**। आज दिनांक को दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र पवई की पड़रहा बीट में वनभूमि पर अतिक्रमण के प्रयास को वन विभाग की टीम द्वारा समय रहते विफल किया गया। लगभग 2 हैक्टेयर क्षेत्र में हो रहे इस अवैध कब्जे को रोकते हुए तत्काल अतिक्रमण रोधी खंती खोदी गई, जिससे भविष्य में पुनः अतिक्रमण की कोई संभावना न रहे। साथ ही, स्थल पर बबूल के बीजों का छिड़काव भी किया गया। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और भूमि की उर्वरता बहाल करने में सहायता मिलेगी। यह कदम वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे संरक्षण एवं पुनर्स्थापन प्रयासों को और सशक्त बनाएगा। इस अभियान में रेंज ऑफिसर नितेश पटेल के निर्देशन में परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार, वनरक्षक दयाराम वर्मा, सीमा साहू, सचेंद्र मोहन, महेंद्र पटेल तथा प्रकाश सिंह की सक्रिय भूमिका रही। दक्षिण पन्ना वनमण्डल ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वनभूमि की सुरक्षा में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि वन संपदा की रक्षा एवं पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।

## 127 वीं बार की प्रधानमंत्री ने मन की बात

# नगर परिषद अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना प्रसारण



**पवई**। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 127 वीं मन की बात देशवासियों से की। जिसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी व अन्य माध्यमों से किया गया। पवई में नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,वार्ड क्रमांक 7 पार्षद देवी खटीक, सी.बी. गौतम, आर.पी. सिंह व अन्य भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात के प्रसारण को सुना। इस बार मन की बात में प्रधानमंत्री ने त्योहारों को लेकर बात की उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले दीपावली मनाई,अब छठ पर्व का उल्लास देश में देखने को मिल रहा है। लोग छठ पूजा में व्यस्त हैं।जगह-जगह घाट सज रहे हैं,हर तरफ श्रद्धा भक्ति और अपनापन का माहौल दिख रहा है। छठ का व्रत रखने वाली महिलाओं का समर्पण और निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बिहार झारखंड और पूर्वांचल वासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि इस बार त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा हो गई है,ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारतीयों के लिए गर्व की बात है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। इसके अलावा उन्होंने जीएसटी में जो छूट दी गई है,उसका भी जिक्र किया जिससे लोगों को फायदा हुआ। उन्होंने भारतीय सेना में भारतीय स्वान को शामिल करने और उन्हें प्रशिक्षण देने की बात का जिक्र किया। साथ में उन्होंने देश के विकास से संबंधित अन्य मुद्दों को लेकर भी सभी के सामने अपनी बात को रखा तथा चिट्ठियों के माध्यम से भेजे गए सुझाव भी लोगों के सामने बताएं।

**खबर संक्षेप**

## पावर हाउस जाते युवक पर सड़क किनारे लाठी-डंडों से हमला, रिपोर्ट दर्ज



**छतरपुर।** ग्राम मनकारी के राममिलन पटेल (उम्र 25) ने थाना महाराजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे रविवारसुबह पावर हाउस ड्यूटी हेतु जाते समय पथ पर दो युवकों ने बुरी तरह मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी राममिलन ने बताया कि वह ग्राम कर्री में रहता है तथा पावर हाउस में प्राइवेट काम करता है। आज रविवार को लगभग प्रातः 11 बजे के आसपास पहाडिया के पास उसे कर्री निवासी सुमित सिंह बनाफर व छोटू विश्वकर्मा हाथ में डंडा लिये मिल गए। दोनों ने गाड़ी रोकने का इशारा किया। राममिलन ने जब पूछा कि आगे क्यों आ रहे हो तो सुमित व छोटू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से इनकार करने पर सुमित ने एक डंडा राममिलन के बाएं हाथ के कंधे पर मारा तथा छोटू ने बाएं पैर की पिडली पर डंडा मारा। दोनों आरोपियों ने कहकर चले जाने से पहले धमकी दी कि अगर आगे से मेरे गांव में दिखा तो जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद राममिलन अपने मित्र दीपक तिवारी को घटना की जानकारी दी। दीपक के साथ वह थाना आया और शिकायत दर्ज कराई। थाना महाराजपुर ने फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध धाराओं 296, 115(2), 351(2), 3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास में है और अपराध की आगामी कार्यवाही जारी है।

## अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर और एक डंपर जब्त



**छतरपुर।** रविवार सुबह कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। खनिज निरीक्षक प्रभा शर्मा ने बताया कि सुबह 6 बजे से 9 बजे तक की गई कार्रवाई के दौरान तीन ट्रैक्टरों को अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा गया, जिन्हें सिविल लाइन थाना परिसर में रखवाया गया है। इसके अलावा सटई क्षेत्र में एम-सेंड से भरे एक डंपर को भी पकड़ा गया है, जिसे थाने में जब्त कर रखा गया है। कार्रवाई खनिज निरीक्षक प्रभा शर्मा और सहायक खनिज अधिकारी ज्ञानेश्वर तिवारी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। प्रभा शर्मा ने बताया कि पकड़े गए वाहनों पर नियमानुसार जुर्माना आरोपित किया जाएगा तथा प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन व रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## दो स्थाई वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

दमोह देहात थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक श्री एच.आर. पाण्डे के निर्देशन में की गई। थाना दमोह देहात में वर्ष 2022 में दर्ज अपराध के तहत आरोपी फहीम कुरैशी पिता इल्यास कुरैशी निवासी चमन तिगड्डा, बजरिया नं. 01 दमोह देहात तथा आरोपी रशीद उर्फ रसीद बहीद कुरैशी उम्र 24 वर्ष निवासी चमन तिगड्डा, गढ़ी मोहल्ला दमोह, बीते तीन वर्षों से फरार थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दोनों आरोपियों की तलाश तेज की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा द्वारा विशेष टीम गठित कर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दोनों फरार आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों को आवश्यक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### थाने के भीतर से ट्रैक्टर ले गए रेत माफिया...?

## पुलिस और प्रशासन पर उठे सवाल, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस



**छतरपुर।**

जिले में रेत माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका ताजा उदाहरण सामने आया है। दरअसल बीते रोज छतरपुर एसडीएम ने रेत का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर पकड़कर सिविल लाइन थाना में रखवाए थे लेकिन कुछ ही देर बाद कथित तौर पर रेत माफिया थाने के भीतर रखे यह ट्रैक्टर लेकर चले गए। मौके पर मौजद एक व्यक्ति इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद यह घटनाक्रम चर्चा का विषय बन गया। छतरपुर कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेकर एसडीएम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, साथ ही प्रकरण की जांच के लिए एक टीम भी गठित की है। हालांकि वर्तमान में उक्त तीनों ट्रैक्टर शहर के ओरछा रोड थाना में खड़े हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब 7 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पर फोर लाइन के पास से एसडीएम अखिल राठौर ने रेत का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा था और उन्हें सिविल लाइन थाना में रखवाया था। यह ट्रैक्टर बरकौंहा निवासी दीपक यादव, कैलाश यादव और मनोज तिवारी के बताए गए थे। वाहन थाने में रखवाए जाने के उपरांत कुछ ही देर बाद इन ट्रैक्टरों को थाने से ले जाया जा रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में जब एसडीएम अखिल राठौर से बात की गई तो उन्होंने तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने और ट्रैक्टरों को थाने में रखवाने की पुष्टी की। जबकि सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह का कहना था कि उन्हें इस कार्रवाई और वाहनों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सुबह ट्रैक्टर थाने में रखवाए गए थे और दोपहर में पटवारी कोई प्रतिवेदन दिए बिना ट्रैक्टर लेकर चले गए। इसके अलावा खनिज विभाग के सहायक निरीक्षक अशोक दुबे ने भी मामले से अनभिज्ञता जाहिर की जांच की बात कही। थाने से ट्रैक्टर ले जाए जाने के वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मामले को संज्ञान में लेकर तुरंत एसडीएम अखिल राठौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया और अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित कर मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। रविवार की सुबह एसडीएम अखिल राठौर से पुनः इस मामले पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल जिन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया था, वह ओरछा रोड थाना में रखवाए गए हैं।

## शराबबंदी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव

### जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, पुलिस को भी दिया शिकायत आवेदन



**घुवारा।**

अवैध शराब बिक्री को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्राम मबई के दो से तीन सौ से अधिक ग्रामीण रविवार को एकजुट होकर शराबबंदी की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। ग्रामीणों ने घुवारा तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए जोरदार नारेबाजी की और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि ग्राम मबई में अवैध रूप से शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। इसके चलते गांव के कई परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। नशे की लत के कारण आए दिन घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें कई मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। इतना ही नहीं, गांव के स्कूली छात्र भी अब नशे की गिरफ्त में आने लगे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर अवैध शराब बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे महिलाएं और ग्रामीण एकजुट होकर सड़कों पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि तहसील कार्यालय में ज्ञापन देने के बाद बमनोरा थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को भी अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लिखित शिकायत आवेदन सौंपा गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत मबई के सरपंच झल्लू लोधी, राजाराम तिवारी, उदय अहिरवार, भूपेंद्र राजा, पार्वती, रामदेवी, आशाबाई, प्यारी बाई, मनप्यारे सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ढाई सैकड़ा नेत्र रोगियों को मिला निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ

### मोतियाबिंद के आधा सैकड़ा रोगियों का होगा ऑपरेशन



**छतरपुर।**

शहर की हनुमान टौरिया पर रविवार को स्वर्गीय नारायणदास सोनी और स्वर्गीय श्रीमती गुलाब रानी सोनी की स्मृति में उनके पुत्र रमेश कुमार सोनी द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 250 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ लिया, वहीं 50 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया है।

आयोजन समिति की ओर से गिरजा पाटकर ने बताया कि शिविर में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह उपस्थित रहीं, जिन्होंने अन्य लोगों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि यह नेत्र परीक्षण शिविर सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में 250 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई, जबकि मोतियाबिंद के 50 मरीजों को चित्रकूट हॉस्पिटल में विशेष उपचार के लिए भेजा गया है।

## मौराहा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट की शिकायत

### एक प्लाट की जगह 12 प्लाट की रजिस्ट्री कराने का आरोप



**छतरपुर।**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मौराहा में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। ग्राम मौराहा निवासी एक पाल परिवार ने पटेल परिवार पर मारपीट और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पाल परिवार का कहना है कि पटेल परिवार ने एक प्लाट की जगह 12 प्लाटों की रजिस्ट्री करा ली और विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट की।

आवेदक कल्लू पाल ने बताया कि उनकी मां सुनीता पाल ने काफी समय पहले रघुवीर पटेल को एक प्लाट बेचा था। दीवाली के समय पटेल परिवार ने उनके भाई को जुआ खिलाया, जिसके बाद रघुवीर पटेल और उनके परिजन उनकी मां से मिलने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उनके बेटे ने 5 लाख रुपये उधार लिए हैं, जिसकी अदायगी करनी होगी। जब मां ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो उन्होंने कहा कि वे 1,000 वर्गफुट जमीन दे सकती हैं। कल्लू पाल के अनुसार इसके बाद रघुवीर पटेल और अन्य लोग उनकी मां सुनीता पाल और पिता गोले पाल को रजिस्ट्रार कार्यालय ले गए। आरोप है कि अनपढ़ होने का फायदा उठाकर एक प्लाट की जगह 12 प्लाटों की रजिस्ट्री करा ली गई। रविवार को जब परिवार की महिलाएं खेत पर काम कर रही थीं, तभी रघुवीर पटेल, संचित पटेल, सुमित पटेल, अशोक पटेल, राहुल पटेल, भूपेन्द्र पटेल पिता राममिलन पटेल, दिब्बू पटेल पिता पन्ना पटेल सहित कई लोग वहां पहुंचे और महिलाओं के साथ मारपीट की। कल्लू पाल का कहना है कि जब तक वे लोग मौके पर पहुंचे, तब तक पटेल परिवार के लोग वहां से भाग गए। इस मामले में सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दी गई है।

वहीं, दूसरे पक्ष के रघुवीर पटेल ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उनके पास विधिवत रजिस्ट्री मौजूद है और मारपीट के आरोप झूठे हैं। उन्होंने भी थाने में आवेदन देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतें लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खजुराहो की शांति, संस्कृति और प्रकृति की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**खजुराहो।**

मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलोपमेन्ट एसोसिएशन के द्वारा माता मंदिर के सामने वुड केफे रेस्टोरेंट में खजुराहो की शांति, संस्कृति और प्रकृति की रक्षा के लिए एक बैठक का आयोजन रखा गया। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने एकमत होकर यह विचार व्यक्त किया कि खजुराहो की असली पहचान उसकी शांति, सादगी और सांस्कृतिक गरिमा में निहित है। सभी ने कहा कि हमें अपने इस पवित्र नगर का वातावरण हर हाल में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाए रखना है। बैठक में प्रस्तावित एयर बेस स्थापना के विषय पर गहन चर्चा हुई। सभी प्रतिभागियों ने यह गंभीर चिंता जताई कि यदि एयर बेस खजुराहो में स्थापित होता है तो इससे यहाँ का प्राकृतिक संतुलन, वन्यजीवों का जीवन और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

खजुराहो का जो सौम्य, आध्यात्मिक और शांत वातावरण विश्वभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है, वह युद्धक विमानों के शोर और सैन्य गतिविधियों से समाप्त हो सकता है।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सरकार से निवेदन किया जाएगा कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और खजुराहो को उसकी मूल पहचान शांति, संस्कृति और प्रकृति के संगम के रूप में बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें तथा उसके स्थान पर यहाँ शैक्षणिक संस्थान, आयुर्वेदिक एवं योग के विश्व विद्यालय डायमंड कोरीडोर, हैंडीक्राफ्ट जैसे उद्योगों को प्राथमिकता देकर उन्हें स्थापित किया जाये ताकि खजुराहो के मंदिरों एवं वातावरण में किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा का संचार ना हो। इस बैठक के मुख्य अतिथि अशोक गौतम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज अवस्थी उपस्थित रहे साथ में गणेश भाई कुण्डिया, इलियास खान, विजय सिंह, डॉ शिव पूजन अवस्थी लवकुश नगर, प्रियंक गौतम, अजय कश्यप, राशिद खान, विवेक जैन, अनूप जैन, राजीव शुक्ला गाइड एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, पत्रकार संघ, टेक्सी एसोसिएशन, ट्रेवल एजेंट्स, पांच सितारा होटल के प्रतिनिधि, एसोसिएशन, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने भाग लिया।



## भाजपा जिलाध्यक्ष को विधायक ने गीत गाकर दी बधाई

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम का जन्मदिन बीते रोज धूमधाम से मनाया गया। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने आतिशबाजी की, मिठाई बांटी और अध्यक्ष से केक कटवाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं छतरपुर विधायक ललिता यादव ने गाना गाकर अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छतरपुर विधायक ललिता यादव कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचीं। उन्होंने आतिशबाजी के बीच जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी और इसके बाद एक गीत गाया।

**36वीं क्षेत्रीय मलखंब प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन**

## महाकौशल प्रांत ने बाल वर्ग में मारी बाजी मालवा प्रांत रहा किशोर व तरुण वर्ग में विजेता



**छतरपुर।** विद्या भारती मध्य क्षेत्र द्वारा आयोजित 36वीं क्षेत्रीय मलखंब प्रतियोगिता का समापन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंचाई कॉलोनी छतरपुर में हुआ। यह प्रतियोगिता 25 एवं 26 अक्टूबर 2025 को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुई, जिसमें महाकौशल प्रांत, मालवा प्रांत और मध्य भारत प्रांत के बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बाल वर्ग भैया-बहनों में महाकौशल प्रांत की टीम विजेता रही, जबकि किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग में मालवा प्रांत ने विजेता का स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. प्रनीति चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के व्यवस्थापक रघुराज सिंह परिहार ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय समिति सदस्य एवं पर्यवेक्षक नचिकेता नारायण भावे तथा जिला सचिव मणिकांत गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन संस्था के प्राचार्य कृष्णकांत खरे द्वारा किया गया और संचालन मधुरिमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी जयेंद्र सिंह चौहान ने दी।

## इमिलिया मस्जिद आगजनी मामला: पुलिस ने 24 घंटे में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों पर पूर्व में भी दर्ज हैं चोरी और जुए के मामले



**हरपालपुर। थाना हरपालपुर क्षेत्र के ग्राम इमिलिया में दो दिन पूर्व एक मस्जिद में आगजनी की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। अज्ञात लोगों द्वारा मस्जिद में घुसकर आग लगा दी गई थी, जिससे दस्तावेज, पर्दे, कूलर, साउंड सिस्टम सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया था।**

घटना के बाद पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उनकी निगरानी में विशेष पुलिस टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की सक्रियता से मात्र 24 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हर्ष पटैरिया पिता सुरेंद्र पटैरिया, मनोज पटैरिया पिता रामकुमार पटैरिया, सुनील राजपूत पिता कल्याण सिंह, उमेश पाल पिता बालकिशन पाल, गंजू उर्फ उन्नू राजपूत पिता कल्लू राजपूत सभी ग्राम इमिलिया निवासी हैं। वहीं पुलिस अन्य आरोपी सत्तू उर्फ सत्येंद्र अनुरागी की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर पूर्व में भी चोरी और जुए के प्रकरण दर्ज हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सभी आदतन अपराधी हैं। थाना प्रभारी संजय राय के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम, एसआई राजेंद्र बागरी, एएसआई प्रदीप सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश, राकेश, ब्रजराज, आरक्षक रामकिशोर, रामपाल, सतीश, हरगोविंद एवं साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खजुराहो से उम्मीदों की नई उड़ान को सांसद ने दिखाई हरि झंडी





**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो में बंद हवाई सेवा को आज भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर पर्यटन व्यवसाय की बढ़ोतरी हेतु उम्मीदों की उड़ान आज से दिल्ली, खजुराहो और वाराणसी के बीच इंडिगो एयरलाइंस की नई सेवा शुरू हो गई है। मध्यप्रदेश के हवाई यात्रियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सुविधा है। खजुराहो पहुंचने पर विमान का वाटर कैनन से स्वागत किया गया।

खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा इसी फ्लाइट से खजुराहो पहुंचे। खजुराहो एयरपोर्ट पर राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद शर्मा ने विदेशी पर्यटकों के साथ केक और रिबन काटकर इस हवाई सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया। वहीं सांसद वीडी शर्मा का एयरपोर्ट निर्देशक संतोष सिंह द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद शर्मा ने खजुराहो एयरपोर्ट पर एक लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने एयरपोर्ट पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने खजुराहो से जयपुर के लिए जल्द ही हवाई कनेक्टिविटी शुरू होने की संभावना जताई और खजुराहो-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन की सौगात के लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह विमान सुबह 10 बजे दिल्ली से उड़ान भरेगा और 11:15 बजे खजुराहो पहुंचेगा। इस रूट पर एडवांस बुकिंग जारी है और किराया डायनामिक रखा गया है। शुरुआती पांच दिनों के लिए किराया इस प्रकार है- 26 अक्टूबर को 6561 रुपए, 27 अक्टूबर को 5674 रुपए, 28 अक्टूबर को 2989 रुपए, 29 अक्टूबर को 4092 रुपए और 30 अक्टूबर को 4776 रुपए। एयरपोर्ट डायरेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि उद्घाटन के दिन 126 यात्री खजुराहो पहुंचे और 109 यात्रियों ने यहां से प्रस्थान किया। यह उड़ान सेवा 28 मार्च तक जारी रहेगी, जिसकी अवधि 29 अप्रैल तक बढ़ाई जा सकती है। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि उन्हें यूएनजीए के 80वें सत्र में शामिल होने के लिए 15 सांसदों में चुना गया था, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। हालांकि, उन्होंने बिहार चुनाव में अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए इस सत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया है। शर्मा ने कहा कि चुनाव उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और संगठन के हिसाब से चल रहे काम को बीच में छोड़कर जाना उचित नहीं है, इसलिए उन्होंने इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए पत्र लिखा है।

### वरिष्ठ पत्रकार राजीव शुक्ला और ब्रह्मप्रकाश द्विवेदी के घर पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार को दी सांत्वना

खजुराहो पहुंचने के बाद विष्णु दत्त शर्मा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए, और खजुराहो के वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार राजीव शुक्ला के घर पहुंचे और राजीव शुक्ला की स्व. पूज्य माताजी श्रीमती रामदुलारी शुक्ला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात ग्राम पाय पहुंच कर दिल्ली में जी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार ब्रह्मप्रकाश द्विवेदी के स्व. पूज्य पिताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा परिजनों से मुलाकात कर चर्चा भी की। इस अवसर पर विधायक अरविंद पटेरिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम एवं अन्य पदाधिकारी गण एवं पुलिस प्रशासन के लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पेंडिंग मामलों का शीघ्रता से करें निराकरण, नशे में सख्ती के निर्देश, डीआइजी ने ली एसडीओपी व थाना प्रभारियों की बैठक

**रीवा**। जिले में कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीआइजी हेमंत सिंह चौहान ने सभी एसडीओपी और थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने लॉबित मामलों, शिकायतों, वारंटियों और नशे के मामलों की समीक्षा की और सभी थाना प्रभारियों को पेंडिंग मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने विशेष रूप से मेडिसिन नशे पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने तस्करों को पकड़कर उनकी सप्लाई चेन तोड़ी जाए और जो भी आरोपी या तस्कर हैं, उनकी लगातार निगरानी रखी जाए। यूपी से आने वाले नशा तस्करों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि फरार आरोपी और वारंटियों की लगातार धरपकड़ की जाए ताकि विचाराधीन प्रकरणों का समय पर निपटारा हो सके। डीआईजी ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी निर्देश दिए। कहा कि बिना हेलमेट चलने वाले बाइक सवारों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी एसडीओपी को अपने क्षेत्र में कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने को कहा गया।

### कटाए घाट मेला की तैयारियों हेतु बैठक आयोजित करने लिखा पत्र

**कटनी**। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कटाए घाट मेला के आयोजन एवं आवश्यक तैयारियों हेतु जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, प्रबुद्धजन एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने हेतु नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार को पत्र प्रेषित किया है। निगमायुक्त को प्रेषित पत्र में महापौर श्रीमती सूरी ने उल्लेख किया है कि नगर पालिक निगम कटनी द्वारा कटाएघाट में श्री बजरंग कटाए घाट मेले का शुभारंभ कार्तिक माह की पूर्णिमा को किया जाता है। नगर के इस ऐतिहासिक मेले में नगर निगम द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद गतिविधियां एवं विभिन्न मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

### प्रकाशोत्सव पर व्यवस्थाएं करने सौंपे दायित्व

**कटनी**। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर्व के अवसर पर आगामी 2 नवंबर तक रोजाना आयोजित होने वाली प्रभातफेरी, 3 नवंबर को नगर संकीर्तन जुलूस के साथ ही 5 नवंबर दिन बुधवार को आयोजित प्रकाशोत्सव कार्यकम के दौरान निगम से संबंधित व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर आगामी 5 नवंबर 2025 तक तिथिवार आयोजित कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने के साथ ही आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही कराने का दायित्व स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को सौंपा है। जबकि पर्व आयोजन की निर्धारित तिथियों के दौरान कार्यक्रम स्थलों में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

# हिनौती गौधाम में संरक्षित शत प्रतिशत गौवंश का पंजीयन करायें

## उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की

रीवा।

**उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये कि हिनौती गौधाम में संरक्षित शत प्रतिशत गौवंश का आगामी तीन दिनों में पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने लगभग 1200 से अधिक गौवंश की गणना कर पंजीयन कराने के निर्देश दिये।**



न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में निर्णाणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशासनिक भवन सहित सुरभि, कपिला व कामधेनु कूल गौशेड के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिये प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है उनमें शीघ्र राशि जारी करें ताकि कार्य में विलंब न हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती को प्रारंभ कराया जाय। हिनौती गौधाम में गत दिनों कराये गये वृक्षारोपण की स्थिति तथा फेंसिंग कार्य की भी जानकारी उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करें तथा गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाय। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम अनुराग तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को आगामी फसल के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण



**रीवा**। आगामी फसल की बोवाई के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि ने बताया कि सीधी में खेत पाठशाला का आयोजन कर गांव में किसानों को आगामी फसल की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गयी। किसानों को नरवाई न जलाने तथा इससे खाद बनाने की समझाइश दी गयी। किसानों को बोवाई से पहले खेतों की तैयारी तथा उर्वरक के संतुलित उपयोग की सलाह दी गई। किसानों को हाईब्रेड सरसों की खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करके फसलों का जायजा लिया जा रहा है। इस क्रम में सहायक संचालक श्रीमती प्रीति द्विवेदी ने सतना जिले के ग्राम मौहारी तथा खुटहा में धान की फसल का निरीक्षण किया। धान की फसल पककर लगभग पूरी तरह से तैयार है। अच्छी वर्षा होने के कारण फसल बहुत अच्छी है। इसी क्रम में उप संचालक उद्यानिकी ने उचेहरा तथा मैहर में किसानों के साथ बैठक करके उन्हें औषधि पौधों की खेती की जानकारी दी। परंपरागत आनाजों की खेती की तुलना में औषधि पौधों की खेती में अधिक लाभ प्राप्त होता है। किसानों को औषधि पौधों अशुगंधा, सफेदमूसली, करायल की खेती की जानकारी दी गयी। मैहर जिले में कई किसान मसालों और औषधि पौधों की खेती में रूचि दिखा रहे हैं।

# बसों में प्रेशर हार्न पर कार्रवाई, 25 वाहनों पर जुर्माना लगाया



रीवा।

स्थानीय लोगों को पुलिस ने शनिवार को प्रेशर हार्न के हो खिलाफ सख्त कार्रवाई की। गोलपार्क और आसपास के इलाकों में बसों द्वारा सुबह चार बजे से लगातार हार्न बजाने से नागरिकों का जीवन प्रभावित रहा था। जयस्तंभ के पास चेकिंग के दौरान लगभग 25 बसों में प्रेशर हार्न पाए गए। इनमें कुछ बसों में फिल्मी भून बाले हार्न भी लगे हुए थे। पुलिस ने सभी बसों से हार्न निकालवाए और चालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की। प्रेशर हार्न न केवल लोगों की नीद और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि हृदय रोगियों के लिए खतरनाक और सड़क पर छोटे वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है। थाना प्रभारी अनीमा शर्मा ने बताया कि जिन बसों में हार्न पाया गया, उनके चालकों को भविष्य में इसका उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई है। इससे पहले भी कई बार कार्रवाई हुई थी, लेकिन बस ऑपरेटर हार्न लगाना नहीं छोड़ते थे।मोडिफाइ साइलेंसर निकलवाएयातायात पुलिस ने खन्ना चौराहा के समीप दो बाइकों से मोडीफाइ साइलेंसर निकलवाया है। इन वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगवाए गए थे, जो पुलिस के हाथ लग गए। पुलिस ने दोनों वाहनों के साइलेंसर निकलवाकर उनके खिलाफ जुर्मान की कार्रवाई की है।

# ग्राहक बनकर आए दो बदमाशों ने सराफा दुकान से उड़ाई सोने की चेन, चाकघाट कस्बे में घटना को अंजाम देकर फैलाई सनसनी

रीवा।

रीवा मे ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने सर्राफा दुकान से सोने की चेन चोरी कर सनसनी फैला दी। घटना का पता दुकान संचालक को तब चला जब आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।मामला चाकपाट कस्बे का है। वहां स्थित मनीष ज्वेलर्स में शनिवार सुबह करीब 11 बजे दो बदमाश बाइक से पहुंचे। उस समय संचालक मनीष सोनी दुकान में मौजूद थे। दोनों ने खुद को ग्राहक बताते हुए जेवर देखने की बात कही। मनीष जब उन्हें जेवर दिखाने लगे तो बदमाशों ने बातों में उलझाकर बड़ी सफाई से सोने की चेन पार कर ली। कुछ देर बाद वे सामान पसंद न आने की बात




कहकर दुकान से निकल गए। व्यापारी ने सामान जांचा तो चेन गायब मिली। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें दोनों बदमाश चेन चुराते स्पष्ट दिख रहे हैं। पुलिस ने फुटेज जमा कर लिया है और आरोपियों की पहचान में जुट गई है। अनुमान लगाया जा रहा कि दोनों बदमाश बाहरी इलाके के है, जो वारदात को अंजाम देकर फरार ही गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।महिलाओं की गैंग भी सक्रियसर्राफा दुकानों में घटनाओं को अंजाम देने वाली महिलाओं की गैंग भी सक्रिय है। गैंग ने माह भर पूर्व समान याने के कोष्टा के समीप स्थित सर्राफा दुकान में घटना को अंजाम दिया था। इससे पूर्व भी महिलाओं की गैंग ने जिले के दर्जनभर से अधिक थाना क्षेत्रों में वारदात को अंजाम दिया है। अधिकांश मामलों कर खुलासा नहीं हो पाया है

# घर के अंदर दिन में घुस कर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, गोविंदगढ़ पुलिस ने पकड़ा आरोपी, चोरी गए जेवर व नकदी बरामद

रीवा।

रीवा मुम्बई में चोरी के आरोप में जेल की सजा काटकर हाल ही में घर लोटे युवक ने अब अपने ही पड़ोसी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। दिनदहाड़े हुई इस बोरी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने-चांदी के जेवर और नकदी बरामद कर लिया है। घटना गोविदगढ़ कस्बे की है। पूजा जायसवाल पति नागेंद्र (23) शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपने घर में ताला लगाकर कपड़े खरीदने बाजार गई थी। करीब डेढ़ घंटे



बाद जब वह लौटी तो देखा कि घर का पिछला दरवाजा खुला हुआ है। अंदर रखे जेवर व नकदी गायब है। महिला ने तत्काल गोविंदगढ़ थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके कर निरीक्षण किया और जांच के दौरान पड़ोसी मोहम्मद सफदर पिता मोहम्मद अब्बास (23) पर संदेह हुआ, जो घटना के बाद से संदिग्ध रूप से व्यवहार कर रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया माल उसके घर से बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने महिला को घर से जाते हुए देख लिया था और पीछे के दरवाजे से अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि आरोपी ने इससे पहले मुम्बई में चोरी की थी। वहां वह चार महीने जेल में रहा था। करीब एक माह पहले रिहा होकर लौटा और फिर से अपराध कर बैठा। थाना प्रभारी अरविंद राठौर ने बताया कि आरोपी की अन्य घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**रीवा**। द्वारिका और सोमनाथ तीर्थस्थान की यात्रा के लिये रीवा रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता एवं अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने गत रात्रि तीर्थदर्शन ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा यह 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर प्राप्त हुआ। तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना की गई। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ रवाना हुये। यात्रा के दौरान सभीब तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी।

# बिना डॉक्टर के पर्चे के दवा देने पर दुकानदार के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर, दुकान की गयी सील

रीवा।

ग्राम खटखरी जिला मऊगंज निवासी श्वेता यादव 5 माह के बेटे धर्मेन्द्र यादव की गतदिवस दुखद मौत हो गयी। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि विनोद मेडिकल स्टोर के संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने डॉक्टर के पर्चे के बिना बच्चे को दवा दी। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। आरोपी दुकानदार जितेन्द्र कुमार गुप्ता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी गयी है। पुलिस प्रकरण में कार्यवाही कर ही है। कलेक्टर ने बताया कि इस पूरी घटना की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला तथा एसडीएम हनुमना श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी से जांच कराई गयी। बच्चे की माता और परिवारजनों से भी इस संबंध में पूरी जानकारी ली गयी। बच्चे की माता श्रीमती श्वेता यादव ने बताया कि उनका बच्चा पिछले एक माह से बीमार था। उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। उसका मऊगंज में डॉ. मंसूरी खान से उपचार कराया गया। इसके बाद 4 दिन पहले ग्राम खटखरी में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. एम.के. मिश्रा से उपचार कराया गया। इससे आराम न मिलने पर 24 अक्टूबर को बच्चे को लेकर विनोद मेडिकल स्टोर के संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता से तीन दवायें ली गयी। इनमें एमॉक्सीसिलीन ओरल सस्पेशन, बेटामेथासोन, सोडियम फास्फेट ओरल ड्राप तथा ट्रेराब्यूटाइंन ब्रोमाक्सीन सिरप लिया गया। दुकानदार द्वारा बताया गयी मात्रा बच्चे को दी गयी। कलेक्टर ने बताया कि श्रीमती श्वेता यादव का पुत्र एक माह से बीमार था। उसका लगातार उपचार किया जा रहा था। शिशु की मृत्यु बहुत दुखद है। इस घटना की मेडिकल टीम विस्तृत जांच कर रही है। जांच में दोषी पाये जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उसके द्वारा दी गई दवाओं के सेम्पल लेकर उन्हें जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर समुचित कार्यवाही की जायेगी।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान अन्तर्गत शिविर संपन्न

रीवा।

वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने के उद्देश्य से आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान अन्तर्गत कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, यूनियन बैंक के उप महाप्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक तथा बैंकर्स उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के वित्त सेवा विभाग द्वारा 31 दिसंबर तक बैंकों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से गत दस वर्ष में जिन खातों में कोई लेन देन नहीं



हुआ उनकी राशि रिजर्व बैंक में भेज दी गई है। रिजर्व बैंक द्वारा उपरोक्त राशि को संबंधित बैंकों को भेजकर निर्देश दिये गये हैं कि पहचान कर संबंधित खातेदार को राशि को वापस किया जाय। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बैंकर्स से कहा कि ऐसे ग्रामीण खाताधारकों की सूची उपलब्ध करायें ताकि ग्राम सभा में वाचन कराकर उनकी पहचान के उपरांत राशि वापस किये जाने की कार्यवाही की जाय। इसी क्रम में शासकीय विभागों के खातों की भी सूची प्रस्तुत करने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई। क्षेत्रीय प्रबंधक अजय खरे ने बताया कि रीवा जिले में यूनियन बैंक में 51 करोड़ रूपये की अनक्लेम्ड राशि को संबंधित खातेदार की पहचान के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि वह उनके खातों में वापस की जा सके। अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि अनक्लेम्ड जमा राशि, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फण्ड से संबंधित दावे प्राप्त करने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग और सहायता दी जाएगी। इसके लिए शिविर में पृथक-पृथक काउंटर उपलब्ध रहेंगे। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि आमजनता शिविर का लाभ उठाकर अपनी अनक्लेम्ड राशि वापस ले सकते हैं।

## मऊगंज में आवारा पशुओं से हादसे

# कलेक्टर के आदेश पालन नहीं जनता ने उठाए सवाल

मऊगंजः

जिले मे आवारा पशुऔ के सड़क मे विचरण से प्रतिदिन घटनाएं हो रही है इनको रोकने के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन ने नगर परिषद और ग्राम पंचायत को कडाई से पालन कराने का निर्देश दिया गया था किन्तु पालन नही हो रहा है इसी कड़ी मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा भावना से प्रेरित योजना कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के कार्य से मऊगंज जा रहे रीवा जिले के जिला प्रबंधक रविशंकर मिश्रा का सड़क हादसे में घायल होना एक बार फिर नगर की लापरवाही पर सवाल खड़े कर गया है। बताया जा रहा है कि मऊगंज कलेक्ट्रेट के सामने यह हादसा आवारा पशुओं की वजह से हुआ। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि मऊगंज में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, और प्रशासन के कई आदेश सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गए हैं। कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन ने पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि ग्राम पंचायत स्तर पर आवारा पशुओं की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की



गई, तो संबंधित सचिवों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, जमीनी हालात इन आदेशों की पूरी तरह धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। हर दिन सड़कों पर मवेशियों की भीड़ और खुले में घूमते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। कई हादसे ऐसे भी हुए हैं जिनमें लोग गंभीर रूप से घायल हुए या फिर अपनी जान गंवा बैठे। नवनिर्मित मऊगंज नगर जहाँ विकास के नए अध्याय लिखने की उम्मीद थी, वहीं अब बार-बार होने वाले



इन हादसों से लोगों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ रहे हैं। जनता का सवाल अब सीधा प्रशासन से है —क्या कलेक्टर संजय कुमार जैन अपने ही आदेशों का पालन कराने में नाकाम हो रहे हैं? क्या मऊगंज में आवारा पशुओं की समस्या पर कोई ठोस कार्यवाही होगी, या यह मुद्दा सिर्फ बैठकों और फाइलों में ही सीमित रह जाएगा? जनता अब यह देखना चाहती है कि क्या जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को समाप्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है या फिर मऊगंज की सड़कों पर इसी तरह हादसों का सिलसिला जारी रहेगा।

# हनुमना पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों को किया गिरफ्तार

**मऊगंज**। जिले के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबिर की सूचना पर नगर के वार्ड नंबर 7 सगरा कला स्थित कुरी प्लांट में देर रात जुआ खेलते हुए आधा दर्जन लोगों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है।थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक शोभित सिंह एवं मनीष पाण्डेय विवेक यादव शामिल रहे।पुलिस को सूचना मिली थी कि सगरा कला के कुरी प्लांट में कुछ लोग खुले स्थान पर ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके पर दबिश दी, जहां से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।जुआ खेलते हुए पकड़े गए आरोपियों के नाम लक्ष्मण दास गुप्ता उर्फ कल्लू पिता रामसुमेर गुप्ता (उम्र 55 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 09 हनुमना बाबूलाल कोल पिता हिंछलाल कोल (उम्र 35 वर्ष), निवासी सगरा कला ओमप्रकाश यादव पिता कन्हैयालाल यादव (उम्र 28 वर्ष), निवासी अमहा वासुदेवरमेश कुमार दिपाकर पिता केमला प्रसाद दिपाकर (उम्र 35 वर्ष), निवासी सगरा कला बृजेश मिश्रा पिता लालता प्रसाद मिश्रा (उम्र 38 वर्ष), निवासी सगरा कला वार्ड नं. 07 मौके से कुल 11,050 रुपए नकद राशि एवं ताश के 52 पत्ते जप्त किए गए हैं। पुलिस ने मौके पर सभी बरामद सामग्री को समक्ष गवाहान जब्ती पत्रक के अनुसार जब्त कर शीलबंद किया।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।थाना प्रभारी अनिल काकडे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है।